दैनिक भास्कर

बाराबंकी में TATA और पतंजलि नमक की नकली फैक्ट्री:छापेमारी में 10 लाख का माल पकड़ा; राजेश और मैगी के भी नकली मसाले मिले



बाराबंकी में नकली नमक फैक्ट्री पकड़ी गई है। छापेमारी में फैक्ट्री से टाटा और पतंजलि कंपनी के रैपर मिले। 15 दिन पहले ही किराए पर गोदाम लेकर अवैध कारोबार की शुरुआत की गई थी। गोदाम के मालिक जगदीश प्रसाद हैं।

दरअसल, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि शुक्लाई गांव में ब्रांडेड कंपनी के रैपर में मिलावटी नमक बेचा जा रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं ने टीम के साथ गुरुवार दोपहर फैक्ट्री पर छापा मारा। फैक्ट्री पर ताला लगा था, जिसे टीम ने तोड़ दिया।

टीम ने मौके से पतंजलि ब्रांड की 230 प्रिंटेड बोरियां जब्त की। इनमें लूज नमक भरा था। इसके अलावा टाटा नमक के 250 पैकेट्स बरामद किए। 334 खुले पैकेट और खाली रैपर भी मिले। सब्जी मसाले भी जब्त किए गए हैं। कुल करीब 10 लाख का माल पकड़ा गया है। कंपनियों के मालिक को सूचना दी गई है। सैंपल भी लिए हैं।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/barabanki/news/fake-salt-factory-busted-in-barabanki-134426594.html